बेरोजगारों को मिला रोजगार

▪ 8200 विद्यार्थी अब तक हो चुके हैं लाभान्वित

बड़वानी

badwani@patrika.com

जिले विकासखंड पाटी व निवाली के 23 बेरोजगारों को आशाग्राम ट्रस्ट व आयआयटी बांबे के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मिला है। ट्रस्ट द्वारा संचालित सर दोराबजी वन मिलियन लाइट परियोजना के तहत कक्षा 5वीं से 12वीं तक के सभी इच्छुक विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य के लिए अंशदान राशि 120 रुपए में सौर ऊर्जा लैंप उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि लेंप का बाजार मूल्य 500 रुपए से अधिक है। वर्तमान तक 8200 विद्यार्थियों को इस परियोजना से लाभांवित किया जा चुका है। सौर ऊर्जा लैंप के असेंबलिंग एवं विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए संस्था द्वारा ग्राम स्तर पर निवासरत बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा गया है। असेंबलिंग कार्य में 11 व वितरण कार्य में 12 कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने बताया कि ये लेंप विद्यार्थियों की शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। वितरित लेंप का सुधार एवं मरम्मत का कार्य दिसंबर 2015 तक निःशुल्क किया जाएगा। सचिव डॉ. एसएन यादव ने बताया कि आगामी समय में विकासखंड पाटी एवं निवाली के साथ जिले के अन्य विकासखंड के विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

लैंप हो रहे तैयार। फोटोः पत्रिका